डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 - 2083 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई,2026

न्यूज गैलरी

वन श्रमिकों का डीएफओ को ज्ञापन

भोपाल। पीडब्लूए वन मंडल के दैनिक वन सुरक्षा श्रमिकों ने मध्यप्रदेश वन सुरक्षा श्रमिक संघ के नेतृत्व में डीएफओ कार्तिक पटेल को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष अरुण पटेरिया ने बताया कि श्रम आयुक्त के आदेश के एक साल बाद भी एरियर और वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिला है। साथ ही पीएफ, आईडी कार्ड और मेडिकल बीमा जैसी सुविधाएं भी लंबित हैं।

असंतोष की वजह समानता की अनदेखी

भोपाल। मंत्रालय सेवा अधिकारीकर्मचारी संघ का कहना है कि कर्मचारियों के बार-बार होने वाले आंदोलनों की मुख्य वजह समानता और समकक्षता के सिद्धांत की अनदेखी है। संघ अध्यक्ष सुधीर नायक ने कहा कि एएनएम को समान योग्यता के बाद भी समकक्ष लाभ नहीं मिला, जबकि अन्य संवर्गों में पदनाम व वेतन बढ़ा। मंत्रालय, विधानसभा व राजभवन के लिपिक चौथे समयमान से वंचित हैं। संघ ने ये विसंगतियां दूर करने की मांग की है।

ईपीएस-95 पेंशनर्स का 5 को धरना

भोपाल। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने 5 अगस्त 2026 को जंतर-मंतर, नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी धरना का आयोजन किया है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश अशोक रावत के अनुसार, देश के 80 लाख पेंशनर्स को भारी बीमारी के बावजूद महंगाई भत्ते के बिना महज 400 से 2500 रुपए ही पेंशन मिल रही है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद भी वास्तविक वेतन पर उच्च पेंशन और मेडिकल सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं।

अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई, 19 मकानों के शेड और चबूतरे हटाए

भोपाल। नगर निगम ने शिकायतों के निराकरण और नियमित अभियान के तहत कई क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने आस-बस्तियों के रपटे, सड़क पर रखी रेत-गिट्टी, कार्डस्ट्रीम वैन, आवागमन में बाधक 15 चार पहिया वाहन, सुलभ्य और दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया। कार्रवाई के दौरान 4 ठेले, 1 पान गुमटी, 2 स्टैंड, 1 हेयर स्टैंड, 1 ग्रेव, 1 टूटा कुलर, 6 टेबिल, 1 स्टूल, 2 पन्नी और सिंदूर मार्केट से 800 पीनी गमले जब्त कर कर हमली नर्सरी में रखवाए गए। कोलार वीर वेली में चल रहे अवैध निर्माण को रुकवाया गया और मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत कसेव वेस्ट प्राइल से कवेर

मानसून सत्र

संसद में पेपर लीक पर बिल पेश, हंगामे के चलते नहीं हो पाई चर्चा

स्पीकर की पहल से टूटा श्गतिरोध चर्चा-वोटिंग के लिए विपक्ष राजी

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में ,पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026श पेश किया

डीआर संवाददाता।। दिल्ली

संसद में सोमवार सुबह 11 बजे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026श पेश किया। लेकिन नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण बिल पर चर्चा नहीं हो सकी।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ की गई बैठक के बाद, दिनांक मंगलवार को इस महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा और वोटिंग के लिए सहमति हो गया है। मंगलवार दोपहर 12 बजे से बिल पर चर्चा शुरू होने की संभावना है। इससे पहले कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग पर अड़े रहे।

नीट में कम अंक आने से दुखी छात्रा ने की आत्महत्या अहिल्यानगर। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर के कर्जत स्थित जामखेड़ में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। मृतका अंकिता साळुंखे ने नीट की

सोमवार को हंगामे के कारण 4 बार स्थगित हुई लोकसभा

राहुल गांधी ने पीएम से माफी मांगने और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की

छात्रों पर एके-47 और पैलेट गन चली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि युवा मिलकर छात्रों के खिलाफ हो गया है। बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों पर एके-47 से गोलियां चलाई गईं और दिल्ली में पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ। राहुल गांधी ने पीएम मोदी से इस घटना पर माफी मांगने और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की। बिहार के मिलान जिले में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान एक्साइटी मोटर अमिक्स होटल का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह प्रदर्शनकारियों की दिशा में एके-47 चलाए जाते हुए दिख रहे थे। इसकी पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच जारी है और अब अमिक्स होटल को सार्वजनिक रूप दिया गया है।

प्रधानों का संसद में स्वागत, विपक्ष ने पेपर चोर के नारे लगाए

28 जुलाई को 5वर्षीय होने के बाद पूर्व जिला मंत्री मनोज जायसवाल को जेलों में बंद सांसद सुनील, संसद भवन परिसर के मकर द्वार पर इकट्ठे सांसदों ने ढोल-नगाड़ों, शंख और मिश्रित धुन के साथ जमकर जोरदार स्वागत किया।

पहले दिन ही सीबीआई के सर्कल नहीं पहुंचे

शीक मामले की फास्ट ट्रैक सुनवाई टली

हांगर, बीते पेपर लीक मामले के दोषियों को जल्द सजा दिलाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा गठित फास्ट ट्रैक कोर्ट में सोमवार को पहली सुनवाई टल गई। सीबी आई की ओर से वकील के अनुपस्थित न होने के कारण अदालत को सुनवाई स्थगि करनी पड़ी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त के लिए तय की है।

सुधर, गुजरात व छग में पेपर लीक

गुजरात के जामनगर जिला गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने बड़ा खुलासा किया है। यहां 20 जुलाई को हुई बीएएमएस प्रथम वर्ष की परीक्षा से ठीक पहले वॉट्सएप पर प्रश्न वायरल होने के बाद से सनसनी मच गई है। सूत्रों के अनुसार, यह मामला महत्वपूर्ण विषयों में से 11 सवाल वीरे परीक्षा से पहले सामने।

मूंग खरीदी की मांग पर भोपाल कूच, किसानों को जगह-जगह रोका

डीआर संवाददाता।। भोपाल

100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर भोपाल जा रहे किसानों को सोमवार को नर्मदापुरम में कई स्थानों पर पुलिस और प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। किसानों ने सोहागी घाट पर मां नर्मदा का पूजन करने के बाद भोपाल के लिए कूच किया। बुधनी रोड पर बैरिकेड्स के सामने किसानों और पुलिस के बीच झड़प-मुक्की भी हुई। किसानों ने बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया। शाम को प्रशासन और किसान नेताओं के बीच बैठक हुई। एसपी के निर्देश पर नजरबंद किसानों को रिहा किया गया। किसानों ने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने और हर हाल में भोपाल पहुंचने की बात कही।

भोपाल का चौथा स्टेशन निशातपुरा आज से शुरू होगा,

डीआर संवाददाता।। भोपाल

इमरजेंसी रिपोर्टर, भोपाल राजधानी को मंगलवार को चौथे रेलवे स्टेशन निशातपुरा की सौगात होगी, जिसे सीएम डॉ. मोहन यादव हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान अवंतिका एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो जाएगा। इससे भोपाल की 3 लाख आबादी को लाभ मिलेगा। रेलवे के अनुसार 26 सितंबर तक दोनों ट्रेनें भोपाल और निशातपुरा स्टेशनों पर रुकेंगी। इसके बाद सिर्फ निशातपुरा पर ही स्टॉपेज होगा।

26 सितंबर के बाद सिर्फ निशातपुरा से होगी बुकिंग

रेलवे के मुताबिक, 26 सितंबर तक की यात्रा के लिए रिजर्वेशन में भोपाल और निशातपुरा, दोनों स्टेशनों का विकल्प होगा। यदि 28 सितंबर के बाद की यात्रा के लिए रिजर्वेशन केवल निशातपुरा स्टेशन से किया जाएगा। इस अवधि की बुकिंग सोमवार से शुरू होगी।

अलग-अलग दुकानों से नमूने लेकर लैब भेज

बाजार खुलते ही मंगलवारा पहुंची टीम, ढाई क्विंटल गावा-पनीर जब्त

डीआर संवाददाता।। भोपाल

रायसेन मंडी के पहले सोमवार को बाजार खुलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मंगलवारा जिला गावा मंडियों पर पहुंची, जहां टीम ने अलग-अलग गावा भंडार और स्टोरेज गावा भंडार से करीब एक लाख लीटर का ढाई क्विंटल गावा और पनीर जब्त किया है। इसके पहले भी टीम ने दो बार दीपक सूद, रहीश घी, गावा और पनीर के लिए थे।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज बाजक ने बताया कि सोमवार सुबह बाजार खुलते ही टीम ने मंगलवारा क्षेत्र में अलग और

महाकाल गावा भंडार, गौरी गावा भंडारों के संदिग्ध मिलने पर 50 किलो घी, जिसकी अनुमानित कीमत 53 हजार 400 और 171 किलो पनीर, जिसकी कीमत करीब 42 हजार 750 रुपे जब्त कर लिया है। विशेष अभियान के तहत दूध और उससे बने गावा, पनीर, मिठाई सहित अन्य उत्पादों की जांच की जा रही है। मिलावट की आशंका वाले खाद्य पदार्थों के नमूने जांच लेबोरेटरी भेजे जाते हैं।

35 इलाकों और कॉलोनियों में आज 4 से 8 घंटे बिजली कटौती

भोपाल। लाइन मेंटेनेंस और लाइन डिस्टेंसिंग कार्य के कारण मंगलवार को शहर के कई इलाकों में 4 से 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सुबह 10 बजे से अलग-अलग क्षेत्रों में सप्लाई प्रभावित रहेगी।

सुबह 10 से शाम 6 बजे रू पंचपुर, हर्षवर्धन नगर | सुबह 10 से दोपहर 2 बजे पुलिस लाइंस, ओरियंटल लेन, पुलिस रेजिडेंसी यू. क्वार्टर (डीआरपी), नया बोर्ड, नवरत्न मंदिर, गौतम नगर, आकृति गार्डन, दीपो सुरभि, मनीष इंस्टिट्यूट, लैन टावर, मेहताजगंज रोड और आईआईएफएम मुल्ली रोड।

सुबह 10 से शाम 4 बजे एलेक्सार गार्डन कॉलोनी, सिन्धा ग्रीन कॉलोनी, कम्फर्ट इंक्लेव, मलाई बाग, महारा रोपट कॉलोनी, मू. कोहेफिजा और इन्फोसेस कॉलोनी।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे ओम नगर, साबन नगर, हलालपुर बस स्टैंड, मेलाक्ष रोड, तेक लेव गार्डन, अरहंत रेजिडेंसी, सिटी

घटौली, मिलावट पर सख्ती: 8 एसडीएम 8 तहसीलदार करेंगे पेट्रोल पंपों की जांच

जिला प्रशासन की रडार पर शहर के 200 पेट्रोल पंप

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी के जिला मजिस्ट्रेट ने राजधानी के करीब 200 पेट्रोल पंपों की जांच करने का फैसला किया है। रूपेन्द्र कार्यालय की खाद्य शाखा ने आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 और मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल (विनियमन) आदेश-2005 के तहत अवैध एसडीएम और अन्य तहसीलदारों के नेतृत्व में जांच दल बनाई है। **आम आदमी को पेट्रोल पंपों पर ये सुविधाएं मिलना जरूरी**

- पेट्रोल सही मात्रा में पेट्रोल-डीजल युक्त ईंधन
- पंपों पर मुफ्त हवा की सुविधा
- ग्राहक रजिस्टर रखना अनिवार्य, एक बोर्ड लगाना
- पुलिसवाला और हेल्पलाइन नंबर

मिलावट, घटौली या अन्य अनियमितता मिलने पर संबंधित पेट्रोल पंप को नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद संबंधित ऑयल कम्पनी नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

इन बिंदुओं पर होगी जांच

पेट्रोल और डीजल में घटौली, मिलावट और निर्धारित दर से कम की मात्रा में तो नहीं दिया जा रहा है, संचालन, बस्ती एवं और जिलाध्यक्ष पुलिसवाला जैसी सुविधाएं मिली रिजर्वेट और स्टॉक सूचना का निर्धारण डीजल के मात्र और लिए बिक्री की जांच।

गड़बड़ी मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

अपर कलेक्टर प्रशासन नायक ने सभी जांच दलों को पेट्रोल पंपों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक दल को 7 से 15 दिन में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

4 मौसमी सिस्टम , भोपाल में फिर झमाझम की तैयारी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल में मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ने वाला है। मंगल की खाड़ी में बना सम दबाव अगले 48 घंटे में भोपाल के दक्षिणी हिस्से के करीब से गुजर सकता है। इसका असर बुधवार और गुरुवार को भोपाल संभाग में दिखाई देगा। इस दौरान अगले 5 से 6 दिन तक अच्छी बारिश का दौर बना रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिम राजस्थान का निम्न दबाव क्षेत्र, सक्रिय मानसून ट्रफ और गंगा मैदान के ऊपर बना चक्रवात मौसम को सक्रिय है। भोपाल में सोमवार दोपहर बाद कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बुधवार और गुरुवार को तेज से

की संभावना है।

25 राज्यों में 6 अगस्त तक अच्छी बारिश के मौसम विज्ञान विभाग ने देश के 25 से ज्यादा राज्य तथा संघ प्रदेशों में 6 अगस्त तक ज्यादा भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बने मौसमीय सिस्टम से मानसून एक बार फिर पूरे देश में सक्रिय हो गया है।

कृषि महोत्सव

मुख्यमंत्री किसान कल्याण अधिक किसानों को 3308 करोड़ रुपए अंतरित

मिट्टी की उत्पादकता देखें, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से बचें, जैविक खेती की ओर बढ़े, फसल चक्र को बदलें

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिला मुख्यालय में हुए बलराम कृषि महोत्सव में प्रदेश के 80 लाख 70 हजार से अधिक किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 3308 करोड़ रुपए सिलान किसान डॉ. मोहन यादव ने अंतरित किए। किसान भाइयों को एक साथ 4000 रुपए सम्मान निधि के रूप में उनके बैंक खातों में भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई उन्नत कृषि पर केंद्रित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने

कहा कि परंपरागत खेती अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब आधुनिक और उन्नत खेती का दौर है। किसान बंधु अपने खेत की मिट्टी की जांच कराएं। मिट्टी की उत्पादकता के अनुसार ही फसल लें। बहुत अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से बचें, जितनी जल्दी हो सके, प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ें। फसल विविधीकरण अपनाएं। एक ही किस्म की फसल के स्थान पर एक ही समय में खेत में एकसाथ फसल लें। इससे किसानों के खेतों में नई फसल किस्मों की ये हरियाली आएगी, साथ ही आमदनी भी बढ़ेगी।

विभिन्न अंचलों में बलराम कृषि महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेरी सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती-किसानी को लाभकारी बनाने और कृषि को आधुनिक सहारा देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव केवल एक आयोजन न होकर किसानों को नई तकनीक, वैज्ञानिक खेती और समुद्र भंडार से जोड़ने का व्यापक अभियान है। किसानों के प्रति हमारी सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने के लिए हम एवं 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों में बलराम कृषि महोत्सव मनाए जा रहे हैं।

खंडवा अतीत का खानदेश, अब कई खासियतों के लिए मशहूर

मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडवा की बात ही अलग है। अतीत का खानदेश अब कई खासियतों के लिए मशहूर है। यहां की लाल मिट्टी फसलों के लिए सोने जैसी है। इसीलिए यहां की फसलें भी सोने के भाव बिकती हैं। बड़ा खेती-किसानी की हो, या लाल और पर्याप्त बनाने की, खंडवा हर मामले में अव्वल है। यहां के परिश्रमी किसानों ने अपनी उत्कर्षशीलता व और नवाचारों से पूरे देश और प्रदेश में खेती का एक आदर्श स्टैंडर्ड मॉडल सेट किया है।

दतिया उप चुनाव, कांग्रेस के पूर्व विधायक भा नाराज, पार्टी के प्रचार से नदारात

डीआर संवाददाता।। दतिया

दतिया विधानसभा सीट के लिए हो रहा चुनाव प्रचार मंगलवार 28 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। इसमें भाजपा, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी सहित सभी प्रत्याशी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कांग्रेस के लिए चिंता का कारण बन गए हैं पार्टी के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती। वे सार्वजनिकरूप उन्न पटवारी को उपस्थान दिए वे कांग्रेस प्रत्याशी के लिए दिखाना उनकी नाराजगी से जोड़ कर देखा जा रहा है। कांग्रेस के नेता उनके पास लगातार जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व विधायक

मांगी ये कहा- ये है परिस्थिति

पटवारी ने की बंद कमरे में चर्चा, डैमेज कंट्रोल की कोशिश

ये कांग्रेसी

राजेंद्र भारती प्रारंभ से कर कि वे हर परिस्थिति में कांग्रेस के साथ हैं। वे पार्टी के साथ और आगे भी खड़े रहेंगे।

'जीतू पटवारी के बयान निराधार, भ्रामक हैं'

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जीतू पटवारी के बयान निराधार, भ्रामक और अत्यंत आपत्तिजनक हैं। शिकायत में कहा गया है कि इस तरह के आरोपों से न केवल प्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी अनावश्यक सवाल खड़े किए गए हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 - 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

02 वाहन अनुबंधित करने के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैधानी अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य के लिए 02 चार पहिया वाहनों को ई-टेण्डर के माध्यम से अनुबंधित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वाहन अनुबंध की कार्यवाही गठित समिति द्वारा छत्र के पोर्टल (https://eprocurement.gov.in) के माध्यम से की जाएगी। जारी जानकारी के अनुसार ई-टेंडर प्रपत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने तथा ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2026 को 2:00 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके बाद 28 जुलाई 2026 को दोपहर 2:05 बजे से ई-टेंडर की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ होगी। इच्छुक व्यक्ति या वाहन स्वामी समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

अभी तक 2758 किसानों से 1927. 10 मेट्रिक टन मूंग उपार्जित

सीहोर। कलेक्टर श्री बालागुरु के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। मूंग उपार्जन के लिए जिले के 31,842 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके साथ ही अभी तक 14,408 किसानों ने स्लॉट भी बुक कर लिया है। स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उपार्जन के लिए जिले में 41 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। 01 जुलाई से अभी तक 2758 किसानों से 1927.10 मेट्रिक टन मूंग की खरीदी की जा चुकी।

ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्रों के आवेदन आमंत्रित

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर 27 जुलाई से 04 अगस्त 2026 तक हैपी सीडर, स्मार्ट सीडर, क्लीनर कम रीपर, सीड ड्रिलिंग ड्रम एवं जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल कृषि यंत्रों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। लॉटरी 05 अगस्त 2026 को खुलेगी। आवेदन के साथ किसान के साथ के बैंक खाते से संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम निर्धारित राशि का डीडी जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि के बिना आवेदन मान्य नहीं होगा। अधिकारी जानकारी के लिए पोर्टल देखा जा सकता है।

रिश्वत लेकर बसों के रजिस्ट्रेशन का मामला, लोकायुक्त ने मांगे रिकॉर्ड

सीहोर। बसों के कथित अवैध रजिस्ट्रेशन मामले की जांच अब लोकायुक्त तक पहुंच गई है। लोकायुक्त ने सीहोर सहित भोपाल, रायसेन, राजगढ़, विदिशा और इंदौर आरटीओ से 1 सितंबर 2025 के बाद हुए बस रजिस्ट्रेशन के दस्तावेज मांगे हैं। शिकायत में नियम विरुद्ध रजिस्ट्रेशन के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी रजिस्ट्रेशन नियमों के अनुरूप होने का दावा किया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस दर्ज

बिलकिसगंज। शाहपुरा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। शिकायत में सोशल मीडिया से पहचान होने के बाद शादी का भरोसा देकर कई स्थानों पर संबंध बनाने का आरोप लगाया गया है। मामले की केस डायरी जांच के लिए बिलकिसगंज थाना भेजी गई है।

पदयात्रा | रु किसान अधिकार पदयात्रा रोकने पर बुधनी में हंगामा

बैरिकेड पार करने की कोशिश, कांग्रेस-प्रशासन में नोकझोंक्य एडीएम और एएसपी ने संभाला मोर्चा

डीआर संवाददाता>>बुधनी

नर्मदापुरम से प्रस्तावित किसान अधिकार पदयात्रा को प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद सोमवार को बुधनी में दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नर्मदापुरम की ओर बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस-प्रशासन के बीच कई बार तीखी नोकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पदयात्रा रोकने का विरोध किया। स्थिति बिगड़ती देख जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और

प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी।

वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली स्थिति

हालात को नियंत्रित करने के लिए एडीएम कृष्ण गवरगांव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रकाश चौके मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करने की अपील की। एसडीओपी पंकि शर्मा, एसडीएम रमेश कुमार बागू, तहसीलदार राकेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पूरे दिन तैनात रहा। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

पूर्व शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन

प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने किया। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चतुर्वेदी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरीश सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे, प्रदेश मंत्री संजय तर्वेदी, किसान नेता घनश्यामदास दुबे, पंचर सैनी, राजेश यादव, राकेश यादव, हरीश मालवीय, इंजाज खान, फारिख मलहोत्रा, सुशील सोनी, पुरुषोत्तम, जगदीश यादव, महेश सैनी, अरुण यादव, बीपी मालवीय, राजेश सोनी, बलराम यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिनभर चला वार्ता का दौर

घटनाक्रम के दौरान प्रशासन और कांग्रेस नेताओं के बीच कई दौर की बातचीत हुई। प्रशासन ने अमन-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए पदयात्रा की अनुमति नहीं होने की बात कही। वहीं कांग्रेस नेताओं ने इसे किसान विरोधी कदम बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। काफी देर तक क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति नियंत्रण में बनी रही।

डंपर से टकराकर पुलिया के नीचे उतरी यात्री बस, बड़ा हादसा टला, कई यात्री घायल

डीआर संवाददाता>>सीहोर

इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। सीहोर जिले के आष्टाखा और सोंडा के बीच हंस ट्रैवल्स की यात्री बस सामने से आ रहे डंपर से टकराने के बाद सड़क किनारे बनी पुलिया के नीचे उतर गई। हादसे में किसी यात्री की जान नहीं गई, हालांकि कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, हंस ट्रैवल्स की बस इंदौर से यात्रियों को लेकर भोपाल जा रही थी। आष्टाखा-सोंडा के पास सामने से आ रहे डंपर से बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क से नीचे उतरकर पुलिया के पास जा पहुंची।

हादसे के समय बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। दुर्घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार सुनाई देने लगी। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर यातायात को सामान्य कराया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा डंपर और बस की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ।

हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद कोर्ट ने लगाया 67,500 का अर्थदंड

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले को चर्चित गुंजावली हत्याकांड में प्रकरण अपर सत्र न्यायाधीश रघुवंश सिंह ठाकुर की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने जयप्रकाश अहिरवार, सत्यनारायण अहिरवार और प्रवीण अहिरवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत हत्या का दोषी ठहराया। तीनों पर 67,500 का अर्थदंड भी लगाया गया। मामले में हत्या की धारा से पहले अपर लोक अभियोजक रघुवंश सिंह ने पैरवी की। हमले में गंभीर चोट लगने से पर्वत सिंह की मौत हो गई थी।

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों, गवाहों एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी पाया। न्यायालय ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास के अलावा धारा 326 (भार-ची) के तहत दो-दो वर्ष तथा धारा 323/34 के तहत एक-एक वर्ष के लगातार कारावास की सजा भी सुनाई। सभी सजाएं नियमानुसार साथ-साथ होंगी।

मुंगावली में पुलिस टीम पर हमला, महिला एसआई को धमकीय आरक्षक घायल

शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट के मामले में तीन नामजद सहित अन्य पर केस दर्ज

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम गुंजावली में सांप्रदायिक तनाव की आशंका के बीच स्थिति संभालने पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। घटना में पुलिस वाहन चालक आरक्षक अनु सुलियान घायल हो गए, उनके महिला उपनिरीक्षक (एसआई) को कथित रूप से वर्दी खसोटने और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और मर्यादा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास कुछ लोग एक युवक को साथ मारपीट की वीडियो बना रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक सुनीता बेरवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस का आरोप है कि समझाइश के बावजूद कुछ लोगों ने विरोध किया और भीड़ एकत्र कर ली। हालात बिगड़ने पर मुश्किल से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

एफआईआर के अनुसार, इसी दौरान आरोपी पक्ष ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि दीनू नामक आरोपी ने लोहे की रॉड से धारदार हथियार से आरक्षक अनु सुलियान को घायल कर दिया। वहीं, भीड़ ने आरक्षक नेहल के साथ भी मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई।

मंडी थाना पुलिस ने सुनीता बेरवाल की शिकायत पर सुनील विश्वकर्मा, दीनू तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जुआ कार्रवाई की फोटो पर उठे सवाल, 20 हजार की जब्ती

तीन जुआरी गिरफ्तार, चार आरोपी फरारय फोटो सेशन बना चर्चा का विषय

डीआर संवाददाता>>भैरुंदा।

ग्राम सेठा में जुआरियों पर कार्रवाई के बाद भैरुंदा पुलिस की कार्यशैली चर्चा का विषय बन गई है। पुलिस ने सेठा के पास पर दांव लगाते तीन लोगों को गिरफ्तार कर 20 हजार नकद जब्त करने का दावा किया है। हालांकि कार्रवाई के बाद जारी की गई जब्ती की फोटो को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं।

फोटो में टेबल पर रखा नकदी और ताश के पत्ते को व्यवस्थित ढंग से सजाकर रखा गया है। तस्वीर में केवल

500 और 200 के नोटों की गड्डियां दिखाई दे रही हैं, जबकि छोटे मूल्य के नोट नजर नहीं आने से लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। जानकारों पर जुए की कड़ पर खिलिम मूल्य वर्ग के नोट पाए जाते हैं। ऐसे में फोटो में दिखाई गई गड्डी को तैयार असल-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में ग्राम सेठा के लालचंदेली रोड मोड़ पर दबिश दी गई।

कार्रवाई में अंकित यादव (मैहदा), कुशल राजपूत और अंकित राजपूत (तिलाडिहा) को गिरफ्तार किया गया। वहीं निर्मल यादव, राहुल लोधर, राजकुमार पटार और पवन पंचर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फुल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सीहोर सहित चार प्रमुख मंडियों के भाव, शरबती गेहूं 4,791, सोयाबीन 7,330 और तहसुन 21,000

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मध्यप्रदेश की प्रमुख कृषि उपज मंडियों सीहोर, नसिंहगढ़, कुरावर और गुजरखुर्द में सोमवार को किसानों की अच्छी आवक देखने को मिली। चारों मंडियों में कुल 26,099 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। सोयाबीन, धनिया, सरसों और तहसुन गेहूं का अधिकतम भाव 2,715 प्रति क्विंटल रहा।

कुरावर मंडी में 6,190 क्विंटल कृषि उपज की आवक हुई। यहां सोयाबीन 7,290, सरसों 7,220, धनिया 12,800 तथा गेहूं 2,725 प्रति क्विंटल तक पहुंचा। पश्चा का अधिकतम भाव 5,500 और उड़द 6,680 प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। गुजरखुर्द मंडी में विंका। तहसुन का अधिकतम भाव 18,000 तथा न्यूनतम 2,549 प्रति क्विंटल रहा।

नसिंहगढ़ मंडी में 6,854 क्विंटल आवक दर्ज हुई। यहां तहसुन 21,000, धनिया 15,500, सरसों 7,270 और सोयाबीन 7,130 प्रति क्विंटल तक बिका। गेहूं का अधिकतम भाव 2,715 प्रति क्विंटल रहा।

सीहोर मंडी में कुल 7,915 क्विंटल आवक रही। यहां शरबती गेहूं 4,791, पीला सोयाबीन 7,260, सरसों 7,901 और धनिया 15,101 प्रति क्विंटल के उच्चतम भाव पर 6,154 क्विंटल आवक रही। यहां सोयाबीन 7,330, मक्का सर्फेद 8,065, सरसों 7,395 और मसूर 7,021 प्रति क्विंटल के उच्चतम भाव पर बिकी। तहसुन का भाव 17,000 तथा धनिया 2,700 प्रति क्विंटल तक पहुंचा।मांडी मंडियों के भावों पर नजर डाली तो तहसुन का सबसे अधिक भाव नसिंहगढ़ में 21,000, सोयाबीन का सर्वाधिक भाव शुजालपुर में 7,330, धनिया का सर्वाधिक भाव नसिंहगढ़ में 15,500 और शरबती गेहूं का सबसे ऊंचा भाव सीहोर में 4,791 प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। व्यापारियों के अनुसार आगामी दिनों में मौसम और आवक के

कुबेरेश्वरधाम | महाकुंभ्य अंतिम दिन आज सुबह 8 बजे से होगा शिव महापुराण का समापन

गुरु बाजार में मिलने वाली चीज नहीं, विश्वास की मूर्ति होता है-अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं शिव महापुराण कथा के दौरान मंगलवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा, जिसके लिए श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। यहां पर आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए यहां पर भोजन-प्रसादी और पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है।

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कहा कि गुरु बाजार में मिलने वाली वस्तु नहीं, बल्कि विश्वास और भरोसे की मूर्ति होता है। गुरु और शिष्य का संबंध केवल आस्था और विश्वास पर टिका होता है। साधनों के साथ जो व्यक्ति अपने शिष्य को भगवान शिव और परमात्मा से जोड़ दे, वही

सच्चा गुरु कहलाने योग्य है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे विश्व में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन गुरु अपने शिष्यों को समर्पण करते हैं और शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है, क्योंकि वही मनुष्य को सत्य और ईश्वर के मार्ग पर चलना सिखाता है।

नर्मदिता भाषा में हो विरोध

सोमवार को शिव महापुराण के चौथे दिवस पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है, लेकिन विरोध हमेशा मर्यादित भाषा और गरिमा के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का प्रधानमंत्री किसी भी दल का हो, उसके प्रति अपशब्दों का प्रयोग उचित नहीं है। छोटे-मोटे व्यक्ति प्रदर्शन के दौरान प्रमुख आपत्तिजनक भाषा को उन्होंने मर्यादा के विरुद्ध बताते हुए कहा कि असहमति भी सभ्य और संस्कारित तरीके से व्यक्त की जानी चाहिए।

अपमान नहीं, पुण्यवान बनने का प्रयास करें

उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में धन कमाना आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है पुण्य कमाना।

पेट्रोल-डीजल में मिलावट एवं अवैध बिक्री रोकने के लिए कलेक्टर ने गठित किए अनुविभाग स्तरीय जांच दल

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में पेट्रोलियम उत्पादों में मिलावट एवं अवैध बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त डीजल एवं पेट्रोल पंपों की आकस्मिक जांच के लिए जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम की अध्यक्षता में अनुविभाग स्तरीय जांच दलों का गठन किया गया है। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार पेट्रोलियम उत्पादों, जैसे मोटर स्पिरिट (एमएस) एवं हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) का विनियमन आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल (आपूर्ति, वितरण एवं कारोबार की रोकथाम का विनियमन) आदेश, 2005 के प्रावधानों के तहत किया जाता है।

इसी जारी आदेश के अनुसार गठित जांच दल जिले में संचालित सभी पेट्रोल एवं डीजल पंपों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान ईंधन की गुणवत्ता, भंडारण, वितरण व्यवस्था तथा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। यदि किसी पेट्रोल पंप पर मिलावट, अवैध बिक्री अथवा अन्य प्रकार की अनियमितता पाई जाती है,

न्यूज गैलरी

बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम

इछावर। लगातार बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने रविवार रात स्टेट हाईवे-53 पर करीब एक घंटे तक चक्काजाम किया। कांकलखेड़ा के ग्रामीणों ने बिना सूचना बिजली कटौती का विरोध किया। सूचना मिलने पर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।

महिला घाट पर लगा पूजन सामग्री विसर्जन पात्र

सीहोर। महिला घाट जावनी पर पूजन सामग्री से होने वाली गंदगी रोकने के लिए विशेष विसर्जन पात्र स्थापित किया गया है। लगभग 4 क्विंटल क्षमता वाला यह पात्र स्वर्गीय सुदर्शन कुमार महाजन की स्मृति में उनके पुत्र सन्नी महाजन ने समर्पित किया। सीवन पुत्र टीम ने बताया कि सामग्री का सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा और आगे अन्य घाटों पर भी ऐसे पात्र लगाए जाएंगे।

7 अगस्त से बस हड़ताल की चेतावनी

सीहोर। प्रदेश के बस संचालकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर 7 अगस्त की रात 12 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। परिवहन आयुक्त एलोसिएशन ने ज्ञापन किया। बढ़ाने सहित सात मांगें सरकार के सामने रखी हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि तय समय तक समाधान नहीं होने पर प्रदेशभर में बसों का संचालन बंद रहेगा।

110 वर्षीय फतेह सिंह भाटी का निधन

जावर। बिलपान गांव के वरिष्ठ समाजसेवी फतेह सिंह भाटी का 110 वर्ष की आयु में निधन हो गया। क्षेत्र में उन्हें श्रद्धा और के नाम से जाना जाता था। अंतिम संस्कार में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें याद किया।

26 दिन में 41 केंद्रों पर सिर्फ 1230 टन मूंग खरीदी

सीहोर। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की सीमा घटने से किसान सरकारी केंद्रों से दूरी बना रहे हैं। जिले के 41 केंद्रों पर 31,600 पंजीकृत किसानों में से केवल 1,880 किसानों ने ही उपज बेची है। 26 दिनों में सिर्फ 1230 टन मूंग की खरीदी हुई। नाराज किसान अपनी मांगों को लेकर भोपाल रवाना हुए।

समाजसेविका संपत बाई चौकसे का निधन

सीहोर। शिवम अभियान की वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेविका संपत बाई चौकसे का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अभियान से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीवन पुत्र टीम ने बताया कि उनके सेवा और समर्पण को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत जीवन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

जुआरियों पर कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

गैरतगंज। गैरतगंज पुलिस ने ग्राम रासा में जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 520 हजार नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार चार आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी मनहरण दांगी के नेतृत्व में हुई

चल समारोह

राजा दक्ष प्रजापति जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

ढोल-नगाड़ों और भजनों की धुन पर झूमे समाजजन, जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

डीआर संवाददाता>>आष्टा

नगर में सोमवार को प्रजापति (कुम्हार) समाज ने अपने आराध्य महाराजा राजा दक्ष प्रजापति की जयंती श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर समाज की ओर से भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसका नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

चल समारोह का शुभारंभ बाबाखान मौराहा से हुआ। यह इंदौर नाका, अलीपुर मौराहा और रेस्ट हाउस मार्ग से होते हुए मां पार्वती नदी के पवित्र तट पर पहुंचा। पूरे मार्ग में समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे ढोल-नगाड़ों तथा धार्मिक भजनों की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। सामाजिक संगठनों और गणमान्यों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रोलपाजल का स्वागत किया।

मां पार्वती तट पर हुई महाआरती

चल समारोह के मां पार्वती नदी तट पहुंचने पर महाराजा राजा दक्ष प्रजापति की महाआरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष कन्हैया सांवरिया सहित कई संस्था ने समाज के पदाधिकारी, युवा, माताएं और बहनें शामिल रहीं।

जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम के मुख्यातिथि अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रणजीत सिंह गेवाड़ा अपने साथियों के साथ पहुंचे। उन्होंने आरतीय दल से साथ रथ पर विराजमान महाराजा राजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजजनों को जयंती की शुभकामनाएं दीं।

गजेंद्र सिंह गेवाड़ा ने कहा कि प्रजापति समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। समाज अपनी निष्ठा, सहनशीलता और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और भक्ति के साथ निकाला गया यह चल समारोह समाज की एकजुटता और अपनी परंपराओं के प्रति आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सावेर, पार्षद रवि शर्मा, कमलेश जैन, जुगलकिशोर गालवीय, राकेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं नागरिक मौजूद रहे।

अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

चौरसाखेड़ी रेत घाट से 5 जेसीबी मशीनें जब्त, गोपालपुर थाने में रखवाई गई

डीआरसंवाददाता>>सीहोर

खनिज विभाग ने सोमवार को अवैध रेत खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चौरसाखेड़ी रेत घाट पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन में लगी 5 जेसीबी मशीनों को जब्त कर गोपालपुर थाना पुलिस की अभिरक्षा में रखवा दिया गया। विभाग ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, एन्कोटी के प्रतिबंध और जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद सीहोर तहसील क्षेत्र में नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन लगातार जारी है। आरोप है कि रात के समय रेत माफिया नाव और पोकलैंड मशीनों की मदद से नदी के भीतर से रेत निकालकर सैकड़ों डंपरों के माध्यम से बाहर भेज रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 28 जून से 30 सितंबर तक जिला कलेक्टर के आदेश के अनुसार जिले की रेत खदानों से रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर अवैध खनन किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चौरसाखेड़ी रेत घाट पर निरीक्षण के दौरान अवैध उत्खनन करते हुए 5 जेसीबी मशीनें मौके से जब्त की गईं। सभी मशीनों को गोपालपुर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग का कहना है कि मामले की जांच जारी है और संबंधित अधिकारियों के निर्देशानुसार संबंधित लोगों पर नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

युवाओं को रोजगार मांगने वाले नहीं, प्रतिभाशाली बनाने वाले हैं : मोहन यादव

डीआर संवाददाता>>इछावर

ग्राम लखुरिया बगरा में अभ्युदय मिशन एवं सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम "कलाकारी से उद्योग, नवाचार से जलवायु, पर्यावरण बचाएं, शून्य कचरा" का सोमवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कल्याणदेव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के आयोजन एवं सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से किया गया।

समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार वितरित किए गए। संस्था की अध्यक्ष निशा खेड़ले ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक भागीदारी और स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनाने की मजबूती मिलती है। उन्होंने किसानों से नवाचार नहीं अपनाने और फसल अवशेषों को जला एवं रोजगार का साधन बनाने की अपील की।

मुख्य अतिथि एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. शत्रुघ्नकुमार शत्रुघ्नीय ने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि विज्ञान आधारित उद्यम प्रतिभाशाली बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और भाषा के साथ निकाला गया यह चल समारोह समाज की एकजुटता और अपनी परंपराओं के प्रति आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सावेर, पार्षद रवि शर्मा, कमलेश जैन, जुगलकिशोर गालवीय, राकेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं नागरिक मौजूद रहे।

जांच में विद्युत मंडल के अधिकारी दोषी, कार्रवाई और मुआवजे का दिलाया भरोसा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

ग्राम बरखेड़ी में 11 केवी विद्युत लाइन की जर्जर में अत्यन्त गंभीर रूप से घायल हुए किसान रतीराम गेवाड़ा ने मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित, परिजनों और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली तथा निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और उचित मुआवजे दिलाने का भरोसा दिया।

जानिए एक सप्ताह पहले खेत में काम करते समय झुलसी 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से किसान रतीराम गेवाड़ा गंभीर रूप से झुलस गए थे। हादसे में उनका एक हाथ काटना पड़ा, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद ग्रामीणों ने किसान एवं सामाजिक एक्टिविस्ट एल. एस. गेवाड़ा के नेतृत्व में कई बार विभागों और प्रशासन के समक्ष ज्ञापन दिए। जांच के लिए पहुंचे संभागीय विद्युत निरीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट में विद्युत मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि रिपोर्ट आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मानव अधिकार आयोग ने मामले में विद्युत मंडल के प्रबंध संचालक और जिला प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। वहीं मध्य प्रदेश महिला आयोग ने भी पीड़ित की पत्नी लाल कुंवरबाई, सरकारी नौकरी तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। अंतिम खबर एपी. सिंह ने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

सीहोर ने शिवपुरी को एक तरफा मुकाबले में 3–0 से हराया

डीआर संवाददाता> सीहोर

शहर के वर्ष मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार से आरंभ हुई प्रतियोगिता के पहले दिन दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच सीहोर-शिवपुरी और दूसरा मैच भोपाल-नर्मदापुरम के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर ने शिवपुरी को 3-0 से और दूसरे मैच में भोपाल ने नर्मदापुरम को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता में कुल 12 क्लिक टीमें शामिल हैं। इसमें भोपाल, इंदौर, देवास, नर्मदापुरम, भोपाल, सागर, ग्वालियर, शिवपुरी, खंडवा और सीहोर शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिदिन शहर के वर्ष मैदान और ग्रामीण आवासीय मैदान पर एक-एक मुकाबला खेला जाएगा। गुरुवार को प्रतियोगिता के दोनों मुकाबले शहर के वर्ष मैदान पर खेले जाएंगे। इसमें पहला मुकाबले

दोपहर एक बजे इंदौर-खंडवा और दूसरा मुकाबला दोपहर ढाई बजे ग्वालियर-भोपाल के मध्य खेला जाएगा। एसोसिएशन के सचिव प्रवीण मिश्रा, दीपेंद्र ने बताया कि सोमवार को पहला मुकाबला सीहोर व शिवपुरी के खिलाफ शानदार तरीके से जीता, इस मैच में सीहोर ने शिवपुरी को 3-0 से हराया। सीहोर की ओर से यमन चुनावी ने 1 गोल किया। इधर एक अन्य मुकाबला भी एक तरफा रहा इसमें भोपाल ने नर्मदापुरम को 3-0 से हराया। भोपाल की ओर से यमन चुनावी ने 1 गोल किया और सुमीर खान ने 2 गोल किए। मंगलवार को होने वाले दोनों मुकाबले शहर के वर्ष मैदान पर खेले जाएंगे। इसमें पहला मुकाबला इंदौर-रतलाम और दूसरा मुकाबला खातीपुरा-नीमच के मध्य खेला जाएगा।

8 हजार की सागौन लकड़ी और दो बाइक जब्त

इछावर। वन विभाग ने सोमवार सुबह अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8 नग सागौन की सिल्लियां और दो मोटरसाइकिलें जब्त की। हालांकि आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। वन अपराध का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस दौरान मिथुन सिसोदिया को सूचना मिलने पर छूपकला-बोरबीलुर मार्ग पर चेकबंदी की गई। सुबह करीब 6 बजे दो बाइकों पर सागौन की सिल्लियां ले जाते तस्करों का पीछा किया गया।

प्रदेश बैंक मित्र संगठन का जिला चुनाव संपन्न, बनवारी अध्यक्ष बने

डीआर संवाददाता> सीहोर

मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन, सीहोर जिले का जिला स्तरीय चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन सम्मिलकर मैदान में थे। मतदान और मतगणना के बाद बनवारी लाल को संगठन का नया जिला अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही बैंक मित्रों में उत्साह का माहौल बन गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनवारी लाल का संगठन के सदस्यों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और जीत की बधाई दी। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा बैंक मित्रों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बनवारी लाल ने सभी बैंक मित्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जीत पूरे संगठन की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बैंक मित्रों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की आवाज को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया।

वितरण

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत साइकिलों का भी हुआ वितरण

संदीपनि उत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

डीआर संवाददाता> आष्टा

शासन के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय में सांदीपनि उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका

उत्साहवर्धन किया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। उपस्थित लोगों ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत पात्र एवं नेमादी छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। विधायक ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के साथ अपने

जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है और विद्यार्थी अपने परिवार से परिवार, समाज तथा प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। अंत में सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

न्यूज गैलरी

हर अधिकारी अपनाएगा स्कूल व एक आंगनबाड़ी

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रोजगार से समृद्धि कैंपेन में प्रत्येक जिला अधिकारी को एक शासकीय स्कूल और एक आंगनबाड़ी केंद्र आवंटित करने के निर्देश दिए। अधिकारी नियमित निरीक्षण कर शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, मध्याह्न भोजन, टीकाकरण, गतिविधियों की उपस्थिति तथा महिला एवं बाल विकास योजनाओं की निगरानी करेंगे। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण, मैदानी मॉनिटरिंग और जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

एसपी ने तनावमुक्त जीवन का दिया संदेश

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर थाना परिसर में हार्टफुलनेस एवं ध्यान पर आधारित विशेष सत्र आयोजित किया गया। एसपी रोहित काशवानी ने थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह अहिरवार, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिंह गुर्जर, पुलिस स्टाफ और ग्रामीणों के साथ ध्यान किया। प्रशिक्षक आशीष चंदेल ने ध्यान के लाभ बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, आत्मिक शांति मिलती है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने ध्यान को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों और आमजन में तनावमुक्त जीवन, बेहतर कार्यक्षमता तथा सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा।

हरीसिंह चल समारोह समिति अध्यक्ष बने

विदिशा। रामलीला चौराहा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में रविवार को यादव समाज की बैठक हुई। बैठक में आगामी जन्माष्टमी महोत्सव के तहत भगवान श्रीकृष्ण की भव्य चल समारोह निकालने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से हरी सिंह यादव गणेशपुरा को समिति का अध्यक्ष, प्रसन्न यादव को कोषाध्यक्ष तथा देवराज यादव, अनिल यादव, जितेंद्र यादव, सिमरत यादव और राहुल यादव को महामंत्री सहित आशीष यादव व राजकुमार यादव को मीडिया प्रभारी बनाने की जिम्मेदारी दी गई।

हृदय गति रुकने से हर्षवर्धन का निधन

विदिशा। पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश श्रीवास्तव के पुत्र एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं चम्पतीला कॉलोनी नटेरन के अध्यक्ष जीमकांत श्रीवास्तव के भतीजे हर्षवर्धन श्रीवास्तव का 41 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्होंने लंबे समय तक पत्रकारिता की सेवा की अध्यक्ष लंबा बना लिया था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दिए थे किसानों को पर्याप्त बिजली देने के निर्देश

किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे के बजाय दी जा रही 1 घंटे बिजली

दो दिन में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किसानों को पर्याप्त बिजली देने के निर्देश बिजली कंपनी के अधिकारियों को दिए हैं, लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। जिससे किसानों का फसल नष्ट होता जा रहा है।

इस समय धान में सिंचाई की आवश्यकता है। धान की फसल के महत्वपूर्ण सिंचाई दौर में महज़ 1 घंटा बिजली मिल रही है। किसानों का आरोप है कि पंप सीजनों पर 10 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता है, लेकिन

विदिशा। धान की समय से सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने से आक्रोशित किसानों ने रोष जताया।

वास्तविकता में कई गांवों में एक घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है। बार-बार लाइन फाल्ट, अघोषित बिजली कटौती और लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने से खेतों में खड़ी धान की फसल प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने तहसीलदार पीयूष जैन को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरी तो किसान धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों का कहना है कि धान की सिंचाई के सबसे अहम समय में पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से उनकी महीनों की मेहनत पर संकट मंडरा रहा है। ज्ञापन उपखंड के तय 10 घंटे बिजली सप्लाई है तो किसानों क्यों नहीं। ज्ञापन सौंपने वालों में बालकृष्ण तिवारी, शम्भू सिंह, गोविंद तिवारी, महेश दुबे, राजेश बारूल, मनोज धाकड़, अंकित तिवारी, नीलेश सहित भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

लोड शेडिंग के नाम पर घंटों बिजली कटौती

कुरवाई। कुरवाई चौराहा सीहोर से जुड़े गांवों में लोड शेडिंग के नाम पर घंटों बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में तो दो तीन बार बिजली बंद कर दी जाती है और केवल दोपहर धूप पर लोड शेडिंग का हवाला देकर दिया जाता है। बरसात के बावजूद कम बारिश और बढ़ी गर्मी फसल के लिए हालात और मुश्किल हो गए हैं। बिजली नहीं रहने से छोटे बच्चे पूरी रात बिलखते हैं, जबकि बुजुर्ग महिलाएं और मरीज भी परेशान हैं। अंधेरे में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल एक गांव बनी तथा सीमित नहीं, बल्कि कुरवाई चौराहा सीहोर से जुड़े कई गांवों में हुई है। उन्होंने विद्युत विभाग से नियमित बिजली कटौती पर रोक लगाने और निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की मांग की है।

नशे में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, साढ़े पांच घंटे के रेस्क्यू के बाद युवकों ने बचाई जान

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले के भगवाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सांदुल में रविवार शाम एक युवक नशे की हालत में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। करीब साढ़े पांच घंटे तक वह टावर पर बैठा रहा और नीचे उतरने से इनकार करता रहा। इस दौरान उसने टावर से कूदने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस और ग्रामीण युवकों की सूझबूझ से उसकी जान बचा ली गई।

युवक की पहचान शक्ति राजपूत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह शाम करीब 6 बजे मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। ग्रामीणों ने उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हुआ। सूचना मिलने पर भगवाबाद थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मशक के जरिए युवक से लगातार नीचे उतरने की अपील की और हर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने टावर के नीचे सुरक्षा व्यवस्था की और जाल लगवाया। देर रात तक जब युवक नीचे नहीं उतरा तो गांव के सोनू बेहर, मोन सिंह, अभिषेक पटेर और नंदनंदन शर्मा ने साहस दिखाते हुए टावर पर चढ़कर रेस्क्यू शुरू किया।

शराबी युवकों ने शक्ति को सुरक्षित किया और उसे पानी व नींबू पानी पिलाया। इसी दौरान उसने अचानक कूदने की धमकी भी दी, लेकिन समय रहते युवकों ने उसे पकड़ लिया। बाद में रस्सी और स्ट्रेचर की मदद से उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।

ग्रामीणों के अनुसार शक्ति लंबे समय से नशे का आदी है और पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका है। रेस्क्यू के बाद थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने और युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की।

गंजबासौदा छात्रावास में दो दिन से बंद भोजन व्यवस्था, परीक्षा देने वाले छात्र परेशान

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।

लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास में पिछले दो दिनों से भोजन व्यवस्था बंद होने से परीक्षा देने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास में अभी भी 5 से 6 ऐसे छात्र रह रहे हैं, जिनकी परीक्षाएं शेष हैं।

छात्रों का आरोप है कि 24 जुलाई को एसडीएम के निरीक्षण के दौरान बेनू के अनुसार भोजन नहीं मिलने पर पंजीयन बनाया गया। इसके बाद छात्रावास अधीक्षक ने मेस बंद कर दी और छात्रों को घर जाने के लिए कह दिया। एसए अधिनियम के छात्र सलमान अहिरवार ने बताया कि तमाम परीक्षाओं का टाइम टेबल अभी जारी नहीं हुआ है, फिर भी भोजन व्यवस्था बंद कर दी गई है वहीं एमए प्रथम वर्ष के छात्र निशेष अहिरवार ने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों से नाश्ता भी नहीं दिया जा रहा था और शिकायत करने पर छात्रों को छात्रावास से निकालने की धमकी मिलती थी। छात्रावास अधीक्षक तुलसीराम ने बताया कि प्रोविजनल रोल जारी होने के बाद 28 जुलाई से मेस बंद की गई है। लंबित आवेदकों के निर्देश मिलने पर ही भोजन व्यवस्था दोबारा शुरू की जाएगी। छात्रों ने परीक्षा पूरी होने तक भोजन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

जिला अस्पताल के बाहर युवक पर तलवार-रॉड से हमला, सीसीटीवी में कैद हुई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा। जिला अस्पताल के सामने 25 जुलाई की सुबह हुए जानलेवा हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में तीन युवक एक व्यक्ति का पीछा करते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर के बाहर रॉड, तलवार और चाकू से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। हमले में घायल युवक मनोज अहिरवार ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, सावरिया रोड कॉलोनी निवासी मनोज अहिरवार पर सुबह करीब 5:38 बजे हमला हुआ था। उसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने शरीर, मारपीट और आयुध के दिखाए एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि मनोज जान बचाने के लिए भाग रहा है, जबकि तीनों आरोपी लगातार उसका पीछा कर रहे हैं। भागते समय वह दो बार गिरा, लेकिन फिर उठकर दौड़ता रहा। ट्रॉमा सेंटर के गेट के पास गिरने के बाद आरोपियों ने उसे घेर लिया और रॉड, तलवार व चाकू से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के बाद मनोज किसी तरह वहां से निकलकर अस्पताल परिसर में पहुंचा।

मनोज के दोस्त सुदेश ने बताया कि कुछ समय पहले स्कूटी चोरी के मामले में पुलिस ने टुंका नामक आरोपी को गिरफ्तार किया था। टुंका को शक था कि मनोज और सुदेश ने उसकी मुखबिरी की है। इसी रंजिश के चलते हमला किए जाने का आरोप लगाया गया है।

परिजनों का कहना है कि मनोज फाइनेंस कंपनी में रिकवरी का काम करता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

केथन डेम के पास दो शावकों संग दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज।

सिरोंज से केथन डेम क्षेत्र में रविवार देर रात एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ दिखाई दी। गंज बासौदा से लौट रहे ग्रामीणों ने नहानाघाट रोड- कन्नौलिया कॉलोनी बाईपास मार्ग पर सड़क पार करते तेंदुए और उसके शावकों का वीडियो बनाया।

सूचना मिलने पर सोमवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गश्तमार्ग और सिरोंज के जंगलों के आधार पर क्षेत्र में मादा तेंदुए और दो शावकों की मौजूदगी की पुष्टि की गई। एहतियात के तौर पर गश्त, सर्चअभियान समेत आवागमन के 6-7 मार्गों में मुनादी कराकर लोगों से अकेले खेतों में न जाने और पालतू मवेशी को सुरक्षित रखने की अपील की गई है। वन विभाग ने तेंदुआ दिखने पर तत्काल सूचना देने की भी अपील की है।

सिरोंज में जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता, ब्रह्मा बने ,चौंपियंस ऑफ चौंपियंस

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिरोंज। विदिशा जिले के सिरोंज में रविवार को आयोजित जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में सिरोंजपुर के लगभग 75 खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता इतना तो पेर रहा तक चली, जिसमें एक जबरदस्त मुकाबले में एक खिलाड़ी को दूसरे को हराकर चौंपियन घोषित किया गया। इसके बाद सभी वर्गों के विजेताओं के बीच आयोजित ओपनेयर ऑफ चौंपियंस मुकाबले में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इसके बाद सभी वर्गों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 45कुल किलोग्राम और 50कुल किलोग्राम वर्ग में सिनियर, 55कि किलोग्राम में जूनियर तथा 65कुल किलोग्राम वर्ग में इनी मिनोरा रहे।

इस अवसर पर विधायक गुरु हनवंत मलिक, अध्यक्ष सुल्तान और बाबू तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का संचालन फीजिकल एजुकेशन के स्टेट रेफरी गोविंद जी के मार्गदर्शन में हुआ। विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता में 30 खिलाड़ियों का चयन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा के स्थानीय स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026-27 में विजेता दो 54 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के आधार पर जिला टीम के लिए 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनमें 27 खिलाड़ी विदिशा और 3 खिलाड़ी गंजबासौदा से हैं।

अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में गंजबासौदा की शालेकीय सावित्रीबाई फुले की आकांक्षा भति शर्मा और मालेगी बुशवाहा चयनित हुईं। प्रतियोगिता में पायल्ली यादव, सम्मी सिंघई, देव जोशी, दुर्गे, दिव्यांशी दुबे, नमन तिवारी और दानिश बघेल सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिला टीम में जगह बनाई।

इस दौरान प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, शासकीय क्रीड़ा अधिकारी अमेश योगी, पंकज भार्गव और प्रतियोगिता संयोजक शशांक शर्मा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता

फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, विजेता टीमों का हुआ सम्मान

15 दिनों तक चले फुटबॉल और स्विमिंग आयोजन में मप्र गुजरात व राजस्थान के 5,500 खिलाड़ियों की भागीदारी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विक्रमादित्य वर्डिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन गर्ल्स फुटबॉल एवं सीबीएसई क्लस्टर-12 बॉयज (अंडर-14) फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को कड़ाकड़ गुजरात और रन्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया।

15 दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान के लगभग 5,500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन

विदिशा। विजेताओं को शानदार प्रदर्शन अंडर-14 गर्ल्स वर्ग के फाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल ने लिटिल एनजल हाई स्कूल, ग्वालियर को 8-0 से हराकर खिताब जीता। अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में श्री सत्य साई विद्या मंदिर, इंदौर ने सेंट जोसेफ्स कॉन्वेंट स्कूल भोपाल को 1-0 से मात देकर ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर-19 गर्ल्स वर्ग का फाइनल सभी रोमांचक रहा। किताबाल एकेडमी भोपाल और सागर पब्लिक स्कूल नागौद नगर के बीच निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किताबाल एकेडमी ने 7-6 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

वहीं सीबीएसई क्लस्टर-12 बॉयज अंडर-14 वर्ग के फाइनल में कस्तूबा देवी पब्लिक स्कूल, भोपाल ने सागर पब्लिक स्कूल, रायसेन नगर को 1-0 से हराकर चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने इसे विदिशा के लिए खेलों के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

गो सेवा अभियान की रैली, राष्ट्रमाता का दर्जा और गो संरक्षण मंत्रालय की मांग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में सोमवार को गो सेवा अभियान के तहत साधु-संतों, गोसेवकों, गोपालकों, ज्योतिषाचार्यों और ब्राह्मण समाज के लोगों ने विशाल रैली निकाली। रैली के बाद सभी प्रतिभागी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, पूरे देश में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, अलग गो संरक्षण मंत्रालय गठित करने तथा मवेशी की सरकारी गणना को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। अभियान से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार यह देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का दूसरा चरण है। उन्होंने दावा किया कि इस चरण में लगभग 15 करोड़ लोगों के हस्ताक्षरों के साथ ज्ञापन जिला मुख्यालयों पर सौंपे गए हैं।

गो सेवा अभियान के अंकित कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व है, इसलिए उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वहीं, मंजरा पुरोहित ने कहा कि संत-महंत, ब्राह्मण और गोसेवक एकजुट होकर सरकार के सामने अपनी मांगें रख रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

डिजिटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14- 2083 राजगढ, दिन मंगलवार, दिनांक 28जुलाई,2026

न्यूज गैलरी

स्नातक व स्नातकोत्तर की फीस 31 तक जमा करें

राजगढ़। ज्ञानगंगा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र खरेनेकाया ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है। जिन विद्यार्थियों का सीट आवंटन हो चुका है, वे सत्र-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रवेश शुल्क जमा करें। केवल सीट आवंटन पर्याप्त नहीं है, शुल्क जमा नहीं करने पर प्रवेश निरस्त होकर सीट अन्य पात्र अभ्यर्थी को आवंटित की जा सकती है। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के प्रवेश सहायता केंद्र से संपर्क कर सकते हैं

खोयरी मंदिर पर मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

राजगढ़। खोयरी स्थित परम पूज्य संत श्री 1008 बड़ाहारी हरि ओम तपस्या जी महाराज की समाधि स्थल बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर चरणपादुका पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। सुबह 10 बजे गुरुवर पुजारी पंडित अरुण शर्मा एवं पंडित उमेश शर्मा के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन होगा। इसके बाद चरणपादुका पूजन, महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कृषि विभाग ने की दो दुकानदारों पर कार्रवाई

राजगढ़। जिले में कृषि विभाग की जांच में बोदा निवासी ओमप्रकाश पुत्रा की दुकान और तलेन के अजय ट्रेडर्स संचालक अजय सहगल के यहां बिना वैध लाइसेंस बीटनाशक व कृषि सामग्री का भंडारण और विक्रय मिला। विभाग की शिकायत पर दोनों के खिलाफ बीटनाशक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में तलेन थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्नातक व स्नातकोत्तर की फीस 31 तक जमा करें

राजगढ़। ज्ञानगंगा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र खरेनेकाया ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है। जिन विद्यार्थियों का सीट आवंटन हो चुका है, वे सत्र-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रवेश शुल्क जमा करें। केवल सीट आवंटन पर्याप्त नहीं है, शुल्क जमा नहीं करने पर प्रवेश निरस्त होकर सीट अन्य पात्र अभ्यर्थी को आवंटित की जा सकती है।

विधायक ने कहा, सभी एल्डरमैन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद समन्वय से काम करें

विकास में नहीं होगा कोई भेदभाव, घटिया नाली निर्माण पर होगी कार्रवाई: शर्मा

डीआर संवाददाता ## कुरावर

नगर परिषद परिसर में सोमवार को आयोजित नवनिर्वाचित एल्डरमैनों के स्वागत समारोह में विधायक मोहन शर्मा ने नगर के सुव्यवस्थित एवं समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के किसी भी वार्ड के साथ विकास कार्यों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जनसुविधा समन्वय के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 और 4 में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमैन गोविंद मालवीय, महेश भावसार, जगदीश विश्वकर्मा एवं ठाकुर प्रसाद मीणा का स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि सभी एल्डरमैन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर नगर के विकास संबंधी प्रस्ताव तैयार करें, ताकि उन्हें शासन स्तर पर स्वीकृति दिलाई जा सके।

उन्होंने एसडीआरएफ योजना के तहत 2.48 करोड़ की लागत से बन रही नाली के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमेर सिंह चौहान को निर्देश दिए कि यदि निर्माण में घटिया सामग्री या अनियमितता पाई जाए तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। विधायक ने नगर के दीर्घकालीन विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि तैयार प्रस्तावों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर आवश्यक विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य सप्ताह-स्वस्थ कन्या अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने की अपील भी की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बाबू प्रसाद खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, जिला उपाध्यक्ष बालकिशोर सोनी सहित नगर परिषद के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चर्चा

विद्युत समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए विधायक ने एमबी ऋषि गर्ग से की चर्चा

कुरावर। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए विधायक मोहन शर्मा ने सोमवार शाम भोपाल में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। बैठक में विधायक ने क्षेत्रीय और शहरी क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बिजली कटौती, ट्रांसफार्मरों की समस्याओं तथा किसानों और आम उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और नियमित बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार तथा लंबित कार्यों पर प्राथमिकता के आधार पर फोकस करने का आग्रह किया। इसका संज्ञान लेते हुए ऋषि गर्ग ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों पर संकल्पात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। विधायक ने उम्मीद जताई कि विभागीय समन्वय से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार होगा और उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

महिला के रिश्तेदार ने ही रची साजिश, योनो एप से उड़ा दिए 1.50 लाख रुपए

मामले में साइबर सेल ने 6 आरोपियों को दबोचा

डीआर संवाददाता ## राजगढ़

राजगढ़ खिलचीपुर की एक महिला के बैंक खाते से योनो एप के जरिए 1.50 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले रिश्तेदार सहित राजगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। महिला के साथ वह ठगी उसी के एक रिश्तेदार ने अपने साथियों की मदद से की थी। मामले में महिला के रिश्तेदार समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने ठगी की 100 प्रतिशत राशि बरामद कर ली है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पुलिस के सेल्फ फिनेंस 2.0 अभियान के तहत थाना खिलचीपुर पुलिस और जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की।

15 जुलाई को हुई थी ठगी की शिकायत

15 जुलाई को खिलचीपुर निवासी सरिता दुरवूटे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके भारतीय स्टेट बैंक के सैलरी खाते से 1.50 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। जांच में सामने आया कि उनके रिश्तेदार पुष्कर ठाकरे ने मोबाइल और योनो (एचएसबी) एप का पासवर्ड पहले से पता था। उसने वैकल्पिक नंबर के नाम से बेनिफिशियरी जोड़कर राशि उसके खाते में ट्रांसफर कर दी। राहुल वैष्णव ने बैंक खाता संचालन करने की व्यवस्था की, जबकि यशराज उर्फ यश चौहान ने इसमें सहयोग किया। बाद में नरवीर सिंह चौहान और अमन यादव ने एटीएम, यूपीआई और पीओएस मशीन से खाते से राशि निकाल ली। पुलिस की अपील सजग रहे तुरंत सूचना दें

जिला अस्पताल में अत्याधुनिक ऑक्सीजन बूस्टर प्लांट शुरू, एक साथ भरेंगे 8 सिलेंडर

डीआर संवाददाता ## राजगढ़

जिला अस्पताल में अत्याधुनिक ऑक्सीजन बूस्टर संयंत्र शुरू हो गया है, जिससे अस्पताल अब अपनी ऑक्सीजन जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकेगा। आवश्यकता पड़ने पर जिले के अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। राज्य प्रदेश में घर के बाद राजगढ़ ऐसा दूसरा जिला बन गया है, जहां यह आधुनिक तकनीक वाला संयंत्र स्थापित किया गया है। जिला अस्पताल में पहले से दो मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट संचालित हैं, लेकिन कम प्रेशर के कारण सिलेंडर भरने में दिक्कत होती थी। नए बूस्टर प्लांट के शुरू होने से ऑक्सीजन का प्रेशर लगभग 6 बार से बढ़कर 150 बार तक पहुंच जाएगा, जिससे एक साथ 8 ऑक्सीजन सिलेंडर तेजी से भरे जा सकेंगे। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि यह संयंत्र ब्लोकेयर के सहयोग और भारत सरकार की सहायता से स्थापित किया गया है। इसके संचालन से जिला अस्पताल ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा और भविष्य में किसी भी अचानक स्थिति या बढ़ी हुई मांग के दौरान जिले को बाहर से ऑक्सीजन मंगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे मरीजों के समय पर उपचार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

गौ सुरक्षा, संवर्धन और सम्मान की मांग, गोसेवकों ने निकाली रैली

डीआर संवाददाता ## राजगढ़

गायों की सुरक्षा, संरक्षण और उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा देने सहित गोसंरक्षण के लिए विशेष कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार को जिलेभर के गोसेवकों ने राजगढ़ में रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

गोसम्मान आंदोलन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से आए गोसेवक पहले अंबेडकर चौराहा स्थित अग्रसेन मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, जहां करीब दो घंटे तक भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। इसके बाद सुबह करीब 11.30 बजे मंदिर से कलेक्ट्रेट तक गो सम्मान यात्रा निकाली गई। रैली में शामिल गोसेवक हाथों में तख्तियां लेकर गोमाता के जयकारे लगाते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आगे बढ़े। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम निधि भारद्वाज को सौंपा गया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि तीन माह पहले भी जिले की विभिन्न तहसीलों में इसी प्रकार अभियान चलाकर ज्ञापन सौंपे गए थे, लेकिन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अभियान के अगले चरण में यह जिला स्तरीय प्रदर्शन किया गया।

नशे के खिलाफ कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार

सुसनेर। नशे से दूरी अभियान 2.0 के तहत सुसनेर पुलिस ने तलवेरा-झालावाड़ नेशनल हाईवे-552डी पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 24 ग्राम अफीम समेत के साथ गिरफ्तार किया है। टीआई अजय सिंह बैस ने बताया कि लहरी गुर्जर जोड़ के पास चेकिंग कर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 84 हजार रुपए मूल्य की स्मैक, तस्करी में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1.80 लाख रुपए बताई गई है।

2 महीने में तीसरी बार मंदिर की दानपेटी टूटी

डीआर संवाददाता ## छापीहेड़ा

छापीहेड़ा नगर के प्रसिद्ध रामसुखिया बालाजी मंदिर में दो महीने के भीतर तीसरी बार चोरी की घटना सामने आई है। शनिवार रात करीब 1.30 बजे एक अज्ञात बदमाश मंदिर परिसर में घुसा और दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंदिर समिति ने घटना की सूचना थाना प्रभारी उमाशंकर गुप्ता को देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। लगातार तीसरी बार मंदिर में चोरी होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि बार-बार हो रही वारदातों के बावजूद चोरी अंकुश नहीं लग पा रहा है।

खाद-बीज का होल्ड हटाने 12,600 रुपए की रिश्वत लेते सोसायटी प्रबंधक गिरफ्तार

तीन भाइयों से 4200-4200 की मांग का आरोपरू लोकायुक्त ने निजी कार्यालय में रंगे हाथों पकड़ा

डीआर संवाददाता ## जीरापुर

खाद-बीज के लिए किसानों के खातों से होल्ड हटाने के एवज में 12 हजार 600 रुपए की रिश्वत लेते हुए भोपाल लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को सावनेर कोऑपरेटिव सोसायटी के प्रबंधक सोहनलाल दांगी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देवनूरकर के निर्देश और उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में डीआर करीब 1, 30 बजे मोनाजपुर रोड स्थित आरोपी के निजी कार्यालय पर की गई। ट्रैप के बाद टीम आरोपी को अपनी ही कार्यालय में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ ली। लोकायुक्त के अनुसार फरियादी श्याम सुंदर पिता नियारी लखमेरा ने शिकायत की थी कि सोसायटी ने हल्ल गर्म जनसी आर्थिक 130 हजार बकाई, लोकेशन बाद में समाप्त और उनके दो भाइयों राजेंद्र सिंह व प्रभुदयाल सिंह का खाता होल्ड करा दिया गया। आरोप है कि होल्ड हटाने के बदले सोसायटी प्रबंधक ने तीनों भाइयों से अलग-अलग 14,200, कुल मिलाकर 112,600 की रिश्वत मांगी। शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त ने ट्रैप की योजना बनाई। टीम योजना के अनुसार सोमवार को फरियादी मोनाजपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से पहले आरोपी के निजी कार्यालय पहुंचा और 12,600 दिए। इसी दौरान इशारे से मौजूद लोकायुक्त टीम ने सोहनलाल दांगी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त डीएसपी राहुल लिंगा ने बताया कि शिकायत के आधार पर ट्रैप कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। उसके खिलाफ धाराओं में नियमित अपराध (संशोधन 2018) की धारा-7 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अधूरा कार्य, दिया ज्ञापन सोमवार को जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर के नेतृत्व में

दुकानदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन 80 प्रतिशत राशि जमा कराने पर भी दुकानों का निर्माण अधूरा

डीआर संवाददाता ## सारंगपुर

ग्राम गैराया खालाजी स्थित मां बिजासन मंदिर परिसर में निर्माणाधीन दुकानों का कार्य लंबे समय से अधूरा होने से नाराज स्थानीय दुकानदारों ने सोमवार को जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर के नेतृत्व में एसडीएम रोहित बन्दोरे को ज्ञापन सौंपकर जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की।

ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि मंदिर परिसर में उनकी दुकानें पूर्व से संचालित थीं। मंदिर निर्माण के दौरान ट्रस्ट द्वारा पुरानी दुकानों को ही तोड़ दिया गया। दुकानदारों का आरोप है कि वर्तमान में निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है, जिसमें निर्धारित राशि का 80 प्रतिशत तक जमा कर लिया गया तथा कुछ पुरानी दुकानों को भी तोड़ दिया गया। दुकानदारों का आरोप है कि वर्तमान में निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जिससे मंदिर परिसर में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। इसका असर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं पर भी पड़ रहा है और दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि दुष्ट और दुकानदारों के बीच पूर्व में यह सहमति बनी थी कि निर्धारित समय-सीमा तक राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों की जगहता समाप्त कर उनकी दुकानें सील की जा सकती हैं। अधिकांश दुकानदारों ने समय पर राशि जमा कर दी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक नई दुकानें तो कब्जा नहीं मिल सका।

दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द दुकानों का निर्माण पूरा कराया जाए तथा पात्र दुकानदारों को उनकी दुकानें आवंटित की जाएं। ज्ञापन देने वालों में सरपंच कुलदीप नागर, प्रकाश नागर, हरिओम, विष्णु नागर, राज कुमार, रामप्रसाद नागर सहित कई लोग मौजूद थे।

अशोकनगर में शिक्षिका से अभद्रता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की मांग

डीआर संवाददाता ## अशोकनगर

बी सालकोज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका रंजना रघुवंशी से कथित अभद्रता के मामले को लेकर सोमवार को जिलेभर के शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में शिक्षक काली पट्टी बांधकर तहसील कार्यालय में एकत्र हुए और वहां से रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी कर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय के लिपिक जयंत पटेल और प्रभारी प्राचार्य महेंद्र रघुवंशी अपने पद का दुरुपयोग कर जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय के कर्मचारियों पर शिक्षकाध्यक्षों के पक्ष में बयान या गवाही न देने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे मामले की निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है।

शिक्षक संगठन ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक लिपिक जयंत पटेल का अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए तथा प्रभारी प्राचार्य महेंद्र रघुवंशी की भूमिका की भी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसके अलावा 24 जुलाई के विद्यालय परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग भी की गई है, ताकि लगाए गए आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सके। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और शिक्षा विभाग ने तीन दिवस में कार्रवाई नहीं की, तो संगठन व्यापक आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है